बिहार सरकार
विधि विभाग

ज्ञाप संख्या–जी0/यो0–31–74/2023/6886/जे0, पटना, दिनांक 24.8.26

सेवा में,

महालेखाकार, बिहार,
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

विषयः– माननीय उच्च न्यायालय, पटना परिसर स्थित महाधिवक्ता कार्यालय, बिहार के प्रशासनिक भवन (जी0+2) में 08 यात्री क्षमता वाले 01 अद्द MRL लिफ्ट के आपूर्ति, अधिष्ठापन, टेस्टिंग एवं कमीशनिंग (5 वर्षो के संचालन एवं अनुरक्षण सहित) कार्य के निमित रू0 42,68,837/– (बयालीस लाख अड़सठ हजार आठ सौ सैंतीस रूपये) मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति।

आदेशः– स्वीकृत।

2. भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना से माननीय उच्च न्यायालय, पटना परिसर स्थित महाधिवक्ता कार्यालय, बिहार के प्रशासनिक भवन (जी0+2) में 08 यात्री क्षमता वाले 01 अद्द MRL लिफ्ट के आपूर्ति, अधिष्ठापन, टेस्टिंग एवं कमीशनिंग (5 वर्षो के संचालन एवं अनुरक्षण सहित) कार्य के निमित रू0 42,68,837/– (बयालीस लाख अड़सठ हजार आठ सौ सैंतीस रूपये) मात्र का प्राक्कलन प्राप्त है, जिसमें विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत भवन अंचल, पटना द्वारा तकनीकी स्वीकृति प्रदान की गई है।
3. यह राज्य स्कीम है ।
4. इस राशि का विकलन मुख्यशीर्ष–4059–लोक निर्माण कार्य पर पूँजीगत परिव्यय, उप मुख्यशीर्ष–80–सामान्य, लघुशीर्ष–051–निर्माण, उपशीर्ष–0105–न्यायिक भवन हेतु (विधि विभाग के लिए) के लिए स्वीकृत उपबंध की राशि से होगा। इसका विपत्र कोड सं0–विपत्र कोड–03–4059800510105 है।
5. इस राशि के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी होंगे तथा इसकी निकासी सचिवालय कोषागार, विश्वेश्वरैया भवन, बेली रोड, पटना से की जायेगी।
6. इस कार्य पर होने वाला व्यय स्वीकृत राशि तक सीमित रहेगी।
7. प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।
(पृ0–14/टि0, दिनांक–14.08.2026,सं0सं0– जी0/यो0–31–74/2023)
8. प्रारूप पर आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति प्राप्त है।
(पृ0–16/टि0, दिनांक–18.08.2026,सं0सं0– जी0/यो0–31–74/2023)
9. स्वीकृत्यादेश में प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नही है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,
(बलराम दूबे)
सरकार के सचिव, बिहार।

ज्ञाप संख्या– जी0/यो0–31–74/2023/6886/जे0, पटना, दिनांक 24.8.26

प्रतिलिपिः– कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, विश्वेश्वरैया भवन, बेली रोड, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

24.08.26
(बलराम दूबे)
सरकार के सचिव, बिहार।

P.T.O

ज्ञाप संख्या— जी0/यो0—31—74/2023/ 6886 /जे0, पटना, दिनांक 24.8.26

प्रतिलिपिः—महानिबंधक, पटना उच्च न्यायालय, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(बलराम दूबे)
सरकार के सचिव, बिहार।

निबंधित

ज्ञाप संख्या— जी0/यो0—31—74/2023/ 6886 /जे0, पटना, दिनांक 24.8.26

प्रतिलिपिः— विद्वान महाधिवक्ता, बिहार को प्राक्कलन की छायाप्रति के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनु0—यथोक्त।

(बलराम दूबे)
सरकार के सचिव, बिहार।

ज्ञाप संख्या— जी0/यो0—31—74/2023/ 6886 /जे0, पटना, दिनांक 24.8.26

प्रतिलिपिः— अपर मुख्य सचिव, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/सचिव (व्यय), वित्त विभाग, बिहार, पटना/ अभियंता प्रमुख (विद्युत), भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/ विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत भवन अंचल, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(बलराम दूबे)
सरकार के सचिव, बिहार।

ज्ञाप संख्या— जी0/यो0—31—74/2023/ 6886 /जे0, पटना, दिनांक 24.8.26

प्रतिलिपिः—आई0टी0 मैनेजर, विधि विभाग, बिहार, पटना को बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु हेतु प्रेषित।

24.8.26
(बलराम दूबे)
सरकार के सचिव, बिहार।

24.8.26

(29)

बिहार सरकार
भवन निर्माण विभाग

पत्रांक–प्र022/भ0वि0प्राक्क0–80/26– 5417 (प्र) दिनांक–15/6/26

16 JUN 2026

प्रेषक,

असीम कुमार,
अभियंता प्रमुख (विद्युत),
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना ।

See-10 सेवा में,

सचिव,
विधि विभाग, बिहार, पटना ।

विषय– SITC of 1 No. MRL Lift 8 Passengers (G+2) in Administrative Building of Office of the Advocate General, Bihar Patna High Court Patna (with five years operation & maintenance) के कार्य पर प्रशासनिक स्वीकृति एवं निधि उपलब्ध कराने के संबंध में ।

प्रसंग– विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत भवन अंचल, पटना का पत्रांक–542, दिनांक–10.03.2026

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के माध्यम से प्राप्त विषयांकित कार्य का तकनीकी अनुमोदित प्राक्कलन की मूल प्रति, प्रशासनिक स्वीकृति हेतु संलग्न कर समर्पित की जा रही है–

क्र0सं0	कार्य का नाम	तकनीकी अनुमोदित राशि
1	SITC of 1 No. MRL Lift 8 Passengers (G+2) in Administrative Building of Office of the Advocate General, Bihar Patna High Court Patna (with five years operation & maintenance)	₹ 42,68,837/–

उल्लेखनीय है कि उक्त कार्य पर विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत भवन अंचल, पटना द्वारा तकनीकी अनुमोदन प्रदान किया गया है । अनुरोध है कि उक्त तकनीकी अनुमोदित प्राक्कलन पर प्रशासनिक स्वीकृति एवं निधि प्रदान करने की कृपा की जाए ।

अनु0–यथोक्त ।

762
17/6/26

विश्वासभाजन,

15/6/26
(असीम कुमार)
अभियंता प्रमुख (विद्युत),
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना ।